दिनांक 08.05.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# खुर्सीपार में चल रहे सिवरेज लाईन संधारण का औचक निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त

**भिलाईनगर।** आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार में चल रहे सिवरेज लाईन संधारण एवं अवैध अतिक्रमण का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। वहां वार्ड क्रमांक 42 में सिवरेज लाईन संधारण का कार्य चल रहा है। जिसमें कुछ स्थानीय नागरिक सिवरेज लाईन चेम्बर के उपर स्लेब ढ़लाई कर अवैध निर्माण कर लिए है। जिसके वजह से संधारण कार्य में बाधा आ रही है । उसके लिए जोन राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को निर्देशित किए कि संबंधित व्यक्ति के नाम पर नोटिस जारी करें, कि स्वयं से अवैध कब्जा को खाली कर दे नहीं तो निगम उसे खाली कराया जाएगा, जिससे अधिक नुकसान होने की संभावना रहती है। इसी तारतम्य में वार्ड क्रमांक 43 एवं 44 में सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत माझी को निर्देशित किए कि नाली पुरी तरह से साफ होना चाहिए, कहीं पर भी कचरा जाम न दिखे, पानी का निकासी आसानी से हो। नाली से निकाले गए गंदगी को तुरंत हटा लेवे। जिससे आस–पास के सहवासियों को बदबू का सामना न करना पड़े। वहीं वार्ड क्रमांक 41 में रोड का निर्माण किया जा रहा था, जिसे गुणवत्तापूर्ण बनाने निर्देशित किए और बताए कि सड़क किनारे कोर को सही तरीके से निर्माण करवाये, जिससे भविष्य में रोड का कोर न टूटे एवं पानी की तराई पर्याप्त मात्रा में करें। जिससे आवागमन सुगम हो, आने–जाने वाले नागरिको को परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव, वार्ड सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

